**खबर संक्षेप**

## एकेएस में रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस पर सुरक्षा से जुड़े कुछ सुझाव



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय की एनएसएस और यूसीसी की टीम ने सुरक्षा से जुड़े कुछ सुझाव दिए। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के साथ में चर्चा की कप्तान आर.एस. परिहार ने की। विशेषज्ञ के रूप में स्टूडेंट्स को सिखाया। डॉ.दीपक मिश्रा,डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी तथा डॉ रमा शुक्ला मौजूद रहे। पुलिस के नंबर के साथ कुछ तकनीकी आइडिया भी स्टूडेंट को बताए गए। मोबाइल पर लोकेशन ऑन करना ऑफ करना,जीपीएस के थ्रू ट्रैक करना इस विषय में भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस पर हुआ। सुरक्षा से जुड़े कुछ सुझाव कार्यक्रम का आयोजन काफी सफल रहा।

## संभागीय कमिश्नर आज करेंगे आपदा से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

**सतना।** बाणसागर बाढ़, अतिवृष्टि तथा प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड 19 जून को समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय रीवा के एनआईसी केन्द्र में दोपहर 12.30 बजे से आरंभ होगी। बैठक से संबंधित रीवा संभागीय मुख्यालय के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। संभाग के अन्य जिलों के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से बैठक में वर्चुअली शामिल होंगे।

## ट्रक और पिकअप में भिड़ंत, ड्राईवर जख्मी



**सतना।** कोठी थाना अंतर्गत कंचनपुर मोड़ के पास मंगलवार सुबह एक ट्रक और पिक-अप के बीच आमने-सामने से भिड़ंत हो गयी,जिसमें पिकअप चालक घायल हो गया। सूचना मिलने पर कोठी थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का जायजा लेने के बाद घायल व्यक्ति को एबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसका चिकित्सीय परीक्षण करने के साथ उपचार किया। डॉक्टर द्वारा वाहन चालक को दुर्घटना में मामूली चोटें आना बताया गया है। कोठी थाना प्रभारी के मुताबिक इलाज के बाद घायल ड्राईवर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से छुट्टी दे दी गयी है। पुलिस द्वारा दुर्घटना का प्रकरण कायम कर जांच कार्यवाही की जा रही है।

*समझाइश के बाद माने परिजन, 7 दिन के भीतर जांच करके रिपोर्ट देगी जीआरपी*

# पुलिस की कथित प्रताड़ना से मृत युवक के परिजनों ने लाश को सड़क पर रखकर दिया धरना



सतना। पुलिस की कथित प्रताड़ना से ट्रेन से कटकर जान देने वाले युवक के परिजनों ने मंगलवार को जैतवारा में लाश को सड़क पर रख दिया और धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी प्रताड़ित करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र सिंह अहिरवार भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गए उन्होंने पुलिस को आडे हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि पुलिस अपराध कराती है।







घंटों चले प्रदर्शन और समझाइस के बाद परिजन तब माने जब घटना की जांच कर रही जीआरपी को निर्देश दिया गया कि वह 7 दिन के भीतर जांच करके रिपोर्ट दे। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। आश्वासन मिलने के तत्काल बाद परिजन मान गए और फिर शव का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रेमनगर रेलवे ट्रैक पर मिली पुष्पेन्द्र प्रजापति की लाश को लेकर परिजन आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस की प्रताड़ना की वजह से युवक ने आत्महत्या की है। इस घटनाक्रम के बाद पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। परिजन मंगलवार को जैतवारा पहुंचे,जहां उनके द्वारा शव को सड़क पर रखकर धरना दिया गया। परिजनों और ग्रामीणों की मांग है कि पुष्पेन्द्र के साथ मारपीट कर हत्या करने वाले पुलिस कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। परिजनों और ग्रामीणों ने आक्रोश बढने की सूचना मिलने पर तहसीलदार जैतवारा,सीएसपी सतना महेन्द्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी पवन शुक्ला मौके पर पहुंचे। प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाइस देते हुये मृत युवक के शव का अंतिम संस्कार किये जाने को कहा,किन्तु सड़क पर लाश रखकर धरना दे रहे लोग वहां से टस से मस नहीं हुये।

### कार्यवाही से संतुष्ट नही थे परिजन

उल्लेखनीय है कि सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर रेलवे ट्रैक पर गत दिवस पायी गयी पुष्पेन्द्र प्रजापति तनय कमलेश प्रजापति की लाश का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा परिजनों की शिकायत पर आरोपी एएसआई मुकेश सुमन की जांच एवं निलंबन आदेश पूर्व में दिये जा चुके हैं। किन्तु परिजन इस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि मृतक पुष्पेन्द्र प्रजापति के साथ मारपीट करने वाले एएसआई मुकेश सुमन के खिलाफ हत्या का मुकदमा कायम कर कार्यवाही की जाये। सिटी कोतवाली सतना पुलिस इस घटना को आत्महत्या बता रही है।पुलिस के मुताबिक मृतक ने रेल ट्रैक पर लेट कर आत्म हत्या की। मृतक पुष्पेन्द्र प्रजापति अपनी नानी मनगिरिया के साथ सिटी कोतवाली के पास सुलभ कांप्लेक्स के पीछे रहकर मटकी सुराही आदि मिट्टी के बर्तनों को बेचने का काम करता था। मनगिरिया द्वारा पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग करते हुये एएसआई सुमन व एक अन्य पर अपने नाती की हत्या किये जाने का आरोप लगाया गया था।

### धरना स्थल पर विधायक बोले...

विधायक गहरवार को एसडीएम जितेंद्र वर्मा व सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान ने अब तक हुए एक्शन की जानकारी देते हुए बताया कि एसपी ने सहायक उप निरीक्षक को सस्पेंड कर दिया है। मेडिकल टीम से पीएम कराया गया है,घटना की जांच की जा रही है,दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन विधायक को इससे तसल्ली नहीं हुई और उनके बोल बिगड़ गए। सीएसपी ने उन्हें बताया कि सहायक उप निरीक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है जिस पर विधायक ने तपाक से कहा कि सस्पेंशन से उसका क्या बिगड़ेगा।उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि पुलिस ही अपराध कराती है। शराब बिकवाती है, पैकारी कराती है,चोरी कराती है। पुलिस ही अपराध करेगी तो क्या होगा। विधायक ने कहा कि मृतक का मोबाइल पुलिस को दिलाना चाहिए था लेकिन उसकी जगह सहायक उप निरीक्षक ने अपराध कर दिया। लगता तो ऐसा है कि लड़के को मार के फेंक दिया गया। शव रखकर प्रदर्शन कर रहे लोगों का हौसला विधायक का संरक्षण मिलते ही इस कदर बढा कि वे विधायक की ही मौजूदगी में पुलिस के खिलाफ नारे बाजी भी करने लगे। विधायक के समर्थक और अन्य स्थानीय कार्यकर्ता भी वहां जमा हो गए और उन्हें ऐलान कर दिया कि सार्वजनिक मार्ग के बाद वे अभी रेलवे ट्रैक भी अवरुद्ध कर देंगे।

# स्कूल चले हम अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम कन्या स्कूल धवारी में





**सतना।** सांसद गणेश सिंह ने कहा कि शिक्षा जीवन की अमूल्य निधि होती हैं। जो मनुष्य का जीवन पर्यन्त तक साथ देती है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है। हम सब का प्रयास हो कि स्कूल जाने योग्य सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाएं और कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहे। सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह केवल बच्चों के माता-पिता अभिभावक ही नहीं समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सांसद श्री सिंह मंगलवार को शुरू हुए 'स्कूल चले हम अभियान' के प्रवेशोत्सव में जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,कलेक्टर अनुराग वर्मा,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,शिक्षा समिति के संयोजित सदस्य डॉ पंकज सिंह परिहार,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,स्कूल के प्राचार्य,शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित थे।

सांसद श्री सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए व्यापक सुधार और उन्नयन कार्यों से सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण आदर्श स्वरूप में शिक्षा दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों एवं सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतियोगिताएं होती हैं। छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का उत्साह सरकारी स्कूलों की तरफ उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। वर्षों पुरानी और अंग्रेजो के जमाने की लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति के स्थान पर नई शिक्षा नीति में व्यावहारिक रोजगारपरक और मानवीय मूल्यों तथा जीवन के आगे बढ़ने के मूल्य समाहित किए गए हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षा ऐसी निधि है, जो बांटने से बढ़ती है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि उनकी नजर में स्कूल नहीं जाने वाले बच्चे ध्यान में आयें तो अपने शिक्षकों को बताएं और प्रोत्साहित कर उनका दाखिला स्कूल में करायें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि जिला शिक्षा समिति द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहन के लिए विकासखंड स्तर पर नवाचार भी प्रारंभ किया गया है। शिक्षा समिति द्वारा सतना और मैहर जिले में शिक्षा का स्तर सुधारने सभी प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान के मुख्यतः दो उद्देश्य हैं। पहला स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को स्कूल में दाखिला करायें और दूसरा जो बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाते हैं, उन्हें नई कक्षाओं में पिछले एक वर्ष की समीक्षा के बाद उत्साह, नई ऊर्जा और उमंग के साथ पहले से बेहतर करने का संकल्प के साथ प्रवेश दिलायें। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल शिक्षा कैरियर को चुनने और भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण भाग होती है। प्रोफेशनल कोर्सेस में ध्यान रखें कि यह पढ़ाई केवल जॉब के लिए नहीं, बल्कि बेहतर ज्ञान अर्जन से कैरियर को उत्कृष्ट बनाने के लिए है। शिक्षा समिति के सहयोजित सदस्य डॉ पंकज सिंह परिहार ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास किया जा रहे हैं। जिला पंचायत की शिक्षा समिति द्वारा ब्लॉक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के सम्मान का नवाचार भी प्रारंभ किया गया है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन ने कहा कि शिक्षा दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण और अभिन्न अंग है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि शिक्षा के साथ हमारी विरासत संस्कृति और संस्कारों को भी आत्मसात करें। स्कूलों में पढ़ाई करने और आगे बढ़ने की उमंग पैदा करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष और कलेक्टर ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों के सेट भी वितरित किये। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र त्रिवेदी ने किया।



# जनसुनवाई में 56 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 56 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,राशन कार्ड बनाने,विद्युत समस्या,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,जमीन का कब्जा दिलाने,चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर में 53 आवेदनों पर हुई सुनवाई

अपर कलेक्टर मैहर शैलेंद्र सिंह ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 53 आवेदन पर आवेदकों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में मैहर नगर वार्ड नंबर 2 निवासी रामाधार चौकसे ने बताया कि नगर पालिका मैहर में राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था। आज दिनांक तक राशन कार्ड बनाने के लिये विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 6 निवासी सीमा सेन ने आवेदन में बताया कि कई महीनों से घर का बिजली मीटर खराब है। विद्युत विभाग को इसकी सूचना भी दी गई है। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा विगत कई महीनों से मनमाना बिल दिया जा रहा है। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत किरहाई के सरपंच ने ग्राम खमसेड़ा सोसाइटी को पुनः चालू करने के लिए आवेदन दिया। उन्होने बताया कि कई वर्षों से सोसाइटी का संचालित नहीं होने के कारण सोसाइटी की लिमिट बंद कर दी गई है।

# बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान प्रारंभ

**सतना।** प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये प्रत्येक माह के 10 कार्य दिवस में बच्चों के शारीरिक माप दिवसों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पोषण ट्रेकर एप में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों का वजन एवं लंबाई/ऊँचाई की सटीकता के साथ माप लिया जाकर एप में प्रविष्टि की जाती है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का निर्धारण किया जाता है। जून माह में 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान के रूप में 18 से 28 जून तक आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महिला, बाल विकास मंत्रालय द्वारा माह जून 2024 के लिये पोषण ट्रेकर एप में पूर्व में बच्चों के वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में हुई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में उनके वास्तविक माप अनुसार सुधार के लिये विकल्प उपलब्ध कराया गया है।आयुक्त,महिला-बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने निर्देश दिये हैं कि शारीरिक माप अभियान के दौरान प्रत्येक पर्यवेक्षक द्वारा अपने क्षेत्र में उन कमजोर प्रदर्शन वाले केन्द्रों में एक-एक दिवस उपस्थित होकर समक्ष में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से पूर्व माह में चिन्हित सभी कम वजन/ठिगनापन तथा सैम-मैम बच्चों की सटीकता के साथ वजन तथा लंबाई/ऊँचाई लेकर पोषण ट्रेकर में सही जानकारी की प्रविष्टि सुनिश्चित कराएंगे। प्रत्येक पर्यवेक्षक 10 से 15 केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से उन केन्द्रों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए,जिन केन्द्रों में परियोजना अंतर्गत सर्वाधिक कुपोषित बच्चों की संख्या है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से पर्यवेक्षक द्वारा विशेषकर उन बच्चों की सूची तैयार की जाये,जिनकी विगत माहों में वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में पूर्व में त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि हुई हो,वर्तमान में सही माप ली जाकर उसकी प्रविष्टि पोषण ट्रेकर एप में सुनिश्चित कराई जाए। श्रीमती फारूकी ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिये बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कम से कम 20 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर,जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं संयुक्त संचालक को कम से कम 15-15 आंगनवाड़ी केन्द्रों का अनिवार्य रूप से भ्रमण कर समक्ष में बच्चों के वजन का सत्यापन कराने के निर्देश दिये हैं।



# कलेक्टर ने किया पुस्तक मेला का शुभारंभ

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यकंट क्रमांक-1 सतना में तीन दिवसीय पुस्तक और गणवेश मेला का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में विकासखंड स्तर पर शैक्षणिक सामग्री वितरित करने के लिये तीन दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है।मेले में सभी प्राइवेट स्कूलों के ड्रेस और पुस्तकें उचित दर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। पुस्तक मेले में कलेक्टर ने प्रतीकात्मक रूप से विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया। उन्होने कहा कि आने वाले समय में यह पुस्तक मेला निश्चित ही विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिये बेहतरी लेकर आयेगा। इस मौके पर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,शिक्षा समिति के संयोजित सदस्य डॉ पंकज सिंह परिहार,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव उपस्थित थे। डीपीसी विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में छात्रों एवं अभिभावकों को उचित मूल्य पर पाठ्य सामग्री और गणवेश उपलब्ध कराने विकासखंड स्तर पर 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय मेला लगाया जा रहा है। शासकीय व्यकंट क्रमांक-1 सतना में आयोजित प्रथम दिवस के मेले में 14 स्टॉल स्टेशनरी सामग्री के एवं 4 स्टॉल गणवेश उपलब्ध कराने के लिये लगाये गये। उन्होने ने बताया कि पुस्तक विक्रेताओं के एकाधिकार पर रोक लगाने के लिये तथा सभी पुस्तक विक्रेताओं को अवसर देने के उद्देश्य से सभी विकासखंड के उत्कृष्ट विद्यालयों में पुस्तक मेले का शुभारंभ किया गया है। विद्यार्थी और अभिभावक स्वतंत्र एवं पारदर्शी रूप से अपनी जरूरत के आधार पर पुस्तक व शैक्षणिक सामग्री क्रय कर रहें है। पुस्तक मेले के इस नवाचार को लेकर लोगो में उत्साह है। मेले में पुस्तक के साथ स्टेशनरी, बैग्स और ड्रेसेस के स्टॉल भी लगाये गये है।



**खबर संक्षेप**



## पी.एम. किसान सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज वाराणसी से पी.एम. किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त राशि सिंगल क्लिक के जरिए किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। उक्त कार्यक्रम का टाउन हॉल पन्ना में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा उपस्थित कृषकों से संवाद कर कृषि कार्य के बारे में जानकारी ली गई। उपस्थितजनों द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी का संवाद सुना गया।

## 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध


**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. नदीय मस्त्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के तहत आगामी 15 अगस्त तक नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है। बंद ऋतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन व क्रय-विक्रय इत्यादि कार्य करते पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों व शासन के निर्देशों के तहत कार्यवाही की जाएगी। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका किसी नदी या नाला से कोई संबंध नहीं है और जिन्हंत निर्दिष्ट जल की परिभाषा के तहत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदी व जलाशय में उक्त प्रतिबंध लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंशवृद्धि और मत्स्य संरक्षण के दृष्टिगत जिला कलेक्टर द्वारा सभी प्रकार के जल संसाधनों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट को निषिद्ध किया गया है। इस दौरान मत्स्य विक्रय, विनिमय और परिवहन करना संज्ञेय दण्डनीय अपराध की श्रेणी में है। नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास अथवा पांच हजार रूपए जुर्माना या दोनों सजाओं से दण्डित किए जाने का प्रावधान है। इस संबंध में जनसाधारण को सूचित किया गया है कि क्लोज सीजन की अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय या परिवहन न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में किसी अन्य को सहयोग प्रदान करें।

## जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ का गठन कर जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। नियंत्रण कक्ष में रात्रि 8 बजे से सुबह 10 बजे तक उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी, सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रियंका सिंह बुन्देला एवं दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक पारी प्रबंधक आर.के. मिश्रा की ड्यूटी निर्धारित है। बतौर सहायक कर्मचारी अलग-अलग पालियों में क्रमशः सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश पटेल 7000686923 एवं प्रवीण कुमार निगम 7509538550 और भृत्य दीपक अनुरागी 7879758428, रमेशचन्द्र लखेरा 6262249044 एवं भृत्य राजाभईया प्रजापति 8827850347 तथा प्रगणक शिवप्रसाद त्रिपाठी 6260914847, सहायक ग्रेड-3 महेन्द्र सोनी 7987387639 और भृत्य अशोक कुमार श्रीवास्तव 7483103864 की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचना उचित नहीं समझा, ट्राई साईकिल से जिला अस्पताल पहुंचना स्वयं की सोच, आखिर कैसे शासकीय सेवा का मापदण्ड हो तय







**पन्ना।** बिना मांगे वहीं बिना जाने, कैसे मिले सेवायें, वहीं प्रशासन के सामने जानबूझकर इस तरह के कारनामें चर्चा में भले ही पर वास्तविकता सेवा लेने के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं तक पहुंचना व योजना का लाभ लेने के लिए मापदण्ड के मान से आगे आना जरूरी, या फिर गुमराह करके प्रशासन के सामने स्वयं को ही बेहतर साबित करना अपने आप में सवालों के घेरे में हालात स्वयं के। आखिर प्रशासन के सामने कहीं न कहीं सेवायें देने को लेकर मापदण्ड सरकार के द्वारा तय किये जाते है। जिसके चलते हर विभाग की सेवायें क्रियान्वयन के रूप में प्रदान की जाती है। आम आदमी हो या खास गौरतल बात यह है कि जहां जिले में वास्तविकता की दास्ता कई बार अलग अंदाज में सामने आती है। जहां प्रशासन के सामने कोरी चुनौती होती है आम आदमी को स्वयं ही शासन की सेवायें लेने को लेकर संस्था तक पहुंचना लाजमी होता है। या न पहुंचना स्वंय की सोच होती है। इसके पीछे दास्ता उस दिन की जो जिगदहा निवासी रामभगत इलाज कराने को लेकर 13 जून 2024 को ट्राई साईकिल महिला कमला बाई को जिला अस्पताल इलाज कराने को लेकर पहुंचने की खबर जो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बनी। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल तरह-तरह के खड़े हुए। पर सवाल यह उठता है सूत्रों की माने तो जब इस मामले की पड़ताल की गई तो पता चला कि 13 जून 2024 को इलाज कराने को लेकर रामभगत निवासी जिगदहा जिस बुजुर्ग महिला कमला बाई को लेकर आने की बात चर्चा में थी वह जिगदहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्रनगर पहुंचा ही नहीं। वहीं मीडिया में उस महिला को मां बताया गया जबकि वह महिला कमला बाई उसकी पत्नी बताई जा रही है। यह दास्ता कहीं न कहीं आखिर स्वयं से भी जब पड़ताल में सामने आई तो 108 एम्बूलेंस वाहन का भी सवाल खड़ा किया गया क्या यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जब इलाज के लिए ही नहीं गई तो और न ही 108 की सेवा को लेकर मांग आई तो फिर कैसी दास्ता देवेन्द्रनगर सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र में जहां दिनांक 12 जून 2024 13 जून 2024 तक संस्था में इलाज हेतु जाने की बात हीं नहीं वहीं न ही इस संस्था में ओपीडी के माध्यम से उपचार को लेकर उचित माना गया। और न ही कोई रेफर इन हालातों में जहां स्वयं ट्राई साईकिल से रामभगत अपनी पत्नी को पन्ना जिला चिकित्सालय जो इलाज को लेकर लाये थे आखिर उन्होंने साफतौर पर यहां उक्त महिला को जिस तरह से मां बताया गया जबकि वह पत्नी थी। यह पड़ताल तो तब सामने आई जब देवेन्द्रनगर से स्वास्थ्य टीम ग्रामीण सेवायें देने वाले उनकी गांव पहुंचकर स्वयं ही जानकारी ली तो उक्त महिला को पत्नी बताया जिसका नाम कमला बाई है। जिसे दो वर्ष पहले लकवा लग गया था। रामभगत अपनी पत्नी को दिनांक 13 जून 2024 को इलाज को लेकर पैसे निकलवाने के लिए देवेन्द्रनगर पहुंचे फिर इसके बाद रामभगत अपनी पत्नी को ट्राई साईकिल से ही इलाज कराने जिला अस्पताल स्वयं से पहुंचा। आखिर इसके पीछे स्वयं की सोच के पीछ यह तो वही जाने पर जब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए पहुंचे ही नहीं और न ही 108 एम्बूलेंस से उचित माना तो फिर प्रशासन इस मामले को किस नजरिये से ले स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व जिला स्तर पर सेवायें प्रदान की जा रही है। पर जब लेना ही उचित नहीं माना जाता तो इसके पीदे स्वयं को लेकर ही सवाल बने आखिर इसके पीछे स्वास्थ्य सेवायें को प्रदान करने वाले कैसे जानेगें। आपको क्या सेवा चाहिए कब चहिये जब अस्पताल ही नहीं पहुंचना स्वयं से ही तय करके अलग अंदाज में साबित करना इसके पीछे क्या राज है यह तो रामभगत ही जाने। आखिर स्वास्थ्य सेवायें मुफ्त में इलाज को लेकर प्रदान की जाती है। जिसका मापदण्ड भी है जहां उप स्वास्थ्य केन्द्र से शुरू होकर प्राथमिक व सामुदायिक तथा जिला अस्पताल तक जिले में सेवायें मिलती है। गंभीर परिस्थितियों के चलते जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया जाता है। पर इस तरह के हालात कभी कभार जो स्वयं ही चर्चा में होते है। इसके पीछे कहीं न कहीं स्वयं की सोच भी जानी जाती है जो चर्चा का विषय बनती है। शासकीय सेवा देने वाले संस्थाओं में तैनात होते है जब तक सेवा लेने के लिए कोई पहुंचेगा नहीं तो सेवा कैसे मिलेगी। जो अपने आप में बड़ा सवाल है।

# स्कूल चलें अभियान में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पहुंचकर मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ बच्चों का किया उत्साहवर्धन





**पन्ना।** उत्साह के साथ शिक्षा प्रदान करने को लेकर जहां मध्यप्रदेश सरकार के जनप्रतिनिधि स्वयं ही आगे आकर छात्र-छात्राओं व उनके पालकों का उत्साह वर्धन करने को लेकर जाने जा रहे है। जिस तरह से स्कूल चले हम अभियान का आगाज प्रवेश उत्सव के रूप में स्वागत परम्परा व बच्चों तथा उनके पालकों को सम्मान से नवाजा गया। वहीं जिले में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जहां मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर शिक्षा के मंदिर में छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव कराया। वहीं बच्चों से संवाद करके आपने 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र-छात्राओं को इस दौरान सम्मानित भी किया। वहीं छात्र-छात्राओं को पुस्तकें भेंट की गई। गौरतलब बात यह है कि शिक्षा पाने के लिए शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा को उत्कृष्ट दिशा देने के लिए हमारी सरकार व जनप्रतिनिधि तथा जिम्मेदार अधिकारी सब मिलकर जिस तरह से उत्साह के साथ छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर रहे है। निश्चित ही इस तरह से जहां हमारे जिले में शिक्षा के बेहतरी के प्रयास सामने आयेगें। इस दौरान कार्यकम में आपके साथ जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संतोष यादव वहीं नपा परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता, पन्ना नगर मण्डल के अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर सदैव जोर देने को लेकर जाने जाने वाले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वहीं जिला शिक्षा केन्द्र समन्वयक (डीपीसी) अजय कुमार गुप्ता साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ ने जहां इस प्रवेश उत्सव को उत्साह के साथ सम्पन्न किया। वहीं छात्र-छात्राओं को निश्चित ही इस कार्यक्रम में भावी जीवन संवारने को लेकर शिक्षा ही प्रमुखता को लेकर संदेश जरूर प्रेरणादायी सामने आया।

# राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को

### जिले के चार परीक्षा केन्द्रों में दो सत्रों में होगी परीक्षा

**पन्ना।** म.प्र. लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 रविवार, 23 जून को जिले के चार परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय, शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय और नेशनल पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रारंभिक परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक होगी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा में गोपनीयता बनाए रखने एवं नकल की रोकथाम के लिए संयुक्त उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। दल प्रभारी एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी के साथ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस.पी. सिंह बघेल, प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं निरीक्षक थाना कोतवाली रोहित मिश्रा को दल में शामिल किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा के दृष्टिगत जिला कोषालय से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने और परीक्षा उपरांत जिला कोषालय में जमा कराने के लिए भी विशेष वाहक दल गठित किया गया है। दल में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बी.डी. कोरी एवं जिला संयोजक आर.के. सतनामी को शामिल किया गया है। साथ ही बतौर सहयोगी कर्मचारी सहायक ग्रेड-3 धर्मेन्द्र शर्मा एवं भृत्य मिलन प्रजापति तथा संतोष राय एवं रमन कुशवाहा की ड्यूटी लगाई गई है।

### कन्ट्रोल रूम स्थापित

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी व संपर्क के लिए कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय के कक्ष क्रमांक 114 में कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07732-250204 है। कन्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी जयंती अहिरवार 9685176877 को बनाया गया है। साथ ही 23 जून को कन्ट्रोल रूम में सहयोग के लिए सुबह 8 बजे से परीक्षा केन्द्रों की सामग्री जमा होने तक कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनमें पटवारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा 9806703498, एन.एफ.ओ. शिवम गुप्ता 8103531022 एवं भृत्य नारायण दास रैकवार 9993408838 की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा 22 जून से 23 जून को परीक्षा समाप्ति एवं गोपनीय सामग्री इन्दौर भेजे जाने तक सामान्य शाखा में उपस्थित रहकर परीक्षा संबंधी कार्य संपादित करने के लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इनमें सहायक ग्रेड-2 बसंत कुमार राय, सहायक ग्रेड-3 आशीष कुमार रैकवार एवं सत्यम रेले और भृत्य नंदू गौड़ एवं संतराम प्रजापति शामिल है।

# दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को



पन्ना। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस क्रम में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गत 14 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा ने बताया कि योग स्वास्थ्य लाभ के साथ सुव्यवस्थित दिनचर्या का बेहतर माध्यम भी है। इसलिए लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि योग का अर्थ है जोड़ना अर्थात योग बाहरी शरीर को अंतः मन से जोड़ता है। योग के आठ अंग हैं यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारण, ध्यान, समाधि। व्यवहारिक जीवन में आसन व प्राणायाम द्वारा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। योग शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक सभी पहलुओं पर काम करता है। विभिन्न योगासनों द्वारा कई शारीरिक व मानसिक बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, उदरविकार, वातविकार, मनोविकार और भी अन्य विकारों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। योगः कर्मस्तु कौशलम् योग हमारे कर्मों में कुशलता, आत्मनिर्भरता एवं स्वाभिमान बढ़ाता है। उन्होंने आम नागरिकों से योग दिवस पर आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।



# पुरानी पेंशन का मुद्दा अभी भी सरकार के सामने

### आखिर कब मांग होगी पूरी सभी कर्मचारियों को है इंतजार



**पन्ना।** जिस तरह से मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद जहां केन्द्र सरकार को लेकर लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए वहीं पुरानी पेशंन योजना को लेकर जहां कर्मचारी सरकार से उम्मीदें लगाये थे। वहीं पूरे देश में 2024 में लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए वहीं परिणामों के बाद एक बार फिर पुरानी पेंशन आने लगी याद आखिर 2004 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन जो खत्म कर नई पेंशन स्कीम की शुरूआज की गई तब से कहीं न कहीं सरकारी कर्मचारियों के द्वारा विरोध के स्वर लगातार तरह-तरह के माध्यमों से सरकार तक अपनी मंशा पहुंचाने को लेकर जारी रहा। वहीं यदि बात करें जनप्रतिनिधियों की जिस तरह से सरकारी कर्मचारियों की पेंशन पुरानी बंद की गई वहीं स्वयं जनप्रतिनिधि विधायक हो या सांसद जो चुने जाते है प्रत्येक पद की प्रथक-प्रथक पेंशन लेना स्वंय उचित मानते है। वहीं सरकार में कर्मचारियों से अपने लिए कहीं न कहीं सत्ता की राह पर आसीन होने को लेकर कर्मचारियों के द्वारा उम्मीदें भी तय करते हुए अब यहां दोहरे मापदण्ड का सवाल जिस तरह से स्वयं ही जवाब की प्रतिक्षा वहीं इस बार लोकसभा चुनावों के परिणामों में जो उम्मीदें थी वह 400 पार का नारा नारा ही रह गया। जिसके चलते पुरानी पेशंन भी कहीं न कहीं याद आने लगी। देखना यह है कि पुरानी पेशंन को लेकर कब तक सरकार कर्मचारियों के हित में निर्णय लेना उचित मानती है कि नहीं। या फिर स्वयं तो पेंशन लेना उचित मानते है। जबकि शासकीय सेवा 60 वर्ष वहीं स्वयं की सेवा जनप्रतिनिधियों की पांच वर्ष ही हो जाये ।तो पेंशन जरूरी लेना लाजमी है। यह कैसी दास्ता जहां स्वयं में परहेज नहीं कर्मचारियों के देने में तरह-तरह से पड़ताल हानि लाभ को लेकर सरकारों की सोच देखना यह है कि अब आगे सरकार की राह में सोच पुरानी पेशंन देने को लेकर कर्मचारियों के लिए कब तक तय हो पायेगी या फिर यह मांग अभी भी मांग ही बनी रहेगी।

# श्रीदेव संकट मोचन हनुमान मंदिर पथरिया में चल रहा योग प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में 21 जून को दमोह जिले के विभिन्न पार्कों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, इस हेतु पथरिया के श्री देव संकट मोचन हनुमान जी मंदिर प्रांगण में मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत एवं पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा पथरिया में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के आयोजन के पूर्व योग की क्रिया शासन द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार कराई गई। श्री राजपूत के द्वारा सर्वप्रथम बड़ा योग प्रोटोकॉल के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें प्रार्थना, शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर, बैठकर, लेटकर, पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन, प्राणायाम एवं संकल्प के साथ शांति पाठ कार्यक्रम का प्रोटोकॉल बताया गया। पतंजलि के



योगाचार्य पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा सर्वप्रथम ग्रीवा चालान, स्कंध संचालन, कटी संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्त आसान, चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन,शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, उक्त अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल पूर्व अभ्यास में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दमोह के पूर्व अध्यक्ष, बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गुरु, पतंजलि योग समिति जिला उपाध्यक्ष श्री गंगाराम पटेल, किसान संगठन के अध्यक्ष सुरेश रैकवार, पथरिया पतंजलि योग समिति ब्लॉक अध्यक्ष सुदेश चौरसिया, भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी जितेंद्र दुबे, पुष्पेंद्र राठौर, बाल किशन ताम्रकार, रमा शंकर पोरानिक, श्री राजीव लोचन स्थापक, रामेश्वर चौकरिया एवं आसपास के ग्राम के नागरिक, योग प्रेमी उपस्थित रहे।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत होगा उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी हेतु कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन दमोह जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में सकल पंजीयन अनुपात (जी. ई. आर.) में वृद्धि करना हैं। इस अभियान के अंतर्गत 12वीं पास किए हुए छात्रों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिले के समस्त महाविद्यालय में किया जायेगा। इस उन्मुखीकरण कार्यकाम में 12वीं उत्तीर्ण छात्र सम्मिलित होंगे। इस सबंध में प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार ने बताया यह कार्यक्रम आज 18 जून 2024 को शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में अवधेश कुमार जैन के प्रभार में एमएलबी विद्यालय में प्रातः11: 30 पर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 19 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय हटा में आशा राठौर, 20 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय पथरिया में डॉ. जगदीश प्रसाद अहिरवार, 21 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय जबेरा में डॉ.दीपेंद्र यादव, 24 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में मेघा वर्मा, 25 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय बटियागढ़ में राजाराम रावत, 26 जून 2024 को शासकीय आदर्श महाविद्यालय बरपटी दमोह में डॉ. के. के. दुबे तथा 27 जून 2024 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में डॉ. इंदिरा जैन के प्रभार में कॉलेज चलो अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### एनसीएल, सीएसआर के तहत सिंगरौली की 33 गौशालाओं में लगवाएगी सोलर पंप



**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत सिंगरौली की गौशालाओं में सोलर पंप लगवाने हेतु एमओयू किया। इस दौरान श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली व एनसीएल से श्री वी के सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, (दुधिचुआ) ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा साठ लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च कर सिंगरौली में मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना के अंतर्गत स्थापित 33 गौशालाओं में निर्बाध जल आपूर्ति हेतु सोलर पंप लगवाने का प्रावधान है। ये गौशालाएं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के लिए एक मुख्य बिंदु के रूप में कार्य करेंगी, जिनमें बायोगैस संयंत्रों की स्थापना एवं बायोगैस उत्पादन, जीवामृत निर्माण, जैविक खेती और पोषण उद्यानों के लिए प्रयोगशाला आदि शामिल हैं। गौरतलब है कि एनसीएल देश की ऊर्जा आपूर्ति के साथ साथ सतत एवं हरित परिवेश की दिशा में सीएसआर के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

### मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश मत्स्यद्योग विकास एवं मत्स्य संरक्षण हेतु मध्य प्रदेश मत्स्योद्योग अधिनियम 1948 कि धारा-3 के अंतर्गत नदीय नियम 1972 कि धारा-3 की उपधारा (2) के तहत मत्स्य प्रजनन काल 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि बंद ऋतु घोषित की गयी है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतरपुर संदीप जी.आर. ने छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नही है और जो निदिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नही लाया गया है। को छोड़कर समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, एवं मत्स्य विपणन पर 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंधित लगाया है। उलंघन करने और दोष सिद्ध होने पर एक वर्ष का करावास या पांच हज़ार रुपए या दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय, मत्स्य परिवहन न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दे।

9 महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर की शिकायत ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से की

# गांव की आधे से ज्यादा आबादी बिना बिजली के गुजारा कर रही : सरपंच

**छतरपुर।** शहर से सटी ग्राम पंचायत सरानी के ग्रामीण पिछले लगभग 9 माह से विद्युत समस्या का सामना कर रहे हैं। ग्रामीण कई बार विद्युत विभाग से गांव के खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग कर चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।जिसे सुधरवाने के लिए अभी तक प्रशासन एवं विभाग के ओर से किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया गया है। मंगलवार को जनसुनवाई में आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए जनसुनवाई में आवेदन देकर समस्या का समाधान कराने की मांग रखी है।ब्रजगोपाल शिवहरे सरानी ने बताया कि गांव में कुल 3 ट्रांसफार्मर लगे थे। जिनमें से एक ट्रांसफार्मर करीब 9 माह पूर्व जल गया था। विभाग से



शिकायत किए जाने पर कर्मचारियों ने गांव के दूसरे ट्रांसफार्मर पर जले हुए ट्रांसफार्मर का लोड शिफ्ट कर दिया था जिससे कुछ ही दिनों में वह ट्रांसफार्मर भी जल गया। पुनः शिकायत किए जाने पर विभाग द्वारा सुधार नहीं कराया गया। सरानी सरपंच ने बताया कि जिसके चलते गांव की आधे से ज्यादा आबादी बिना बिजली के गुजारा कर रही है। बिजली न होने के कारण भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। कलेक्टर कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने के बाद ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन दिया। जनसुनवाई में आए अशोक शिवहरे सरपंच सरानी के नेतृत्व में रोशनी यादव, मुरलीधर यादव, राकेश अहिरवार, रतिराम अहिरवार, अच्छेलाल अहिरवार इत्यादि।

## कोटवार संघ ने सरकार पर लगाए वादा खिलाफी के आरोप कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश ग्राम कोटवार संघ की जिला इकाई ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी के आरोप लगाए और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा कराने की मांग रखी। संघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल कोटवार ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व 24 सितंबर 2023 को भोपाल में कोटवार संघ की महापंचायत हुई थी, जिसमें भाजपा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा उनकी पार्टी की जीत होने पर कोटवारों के हित में कई काम करने का ऐलान किया गया था लेकिन चुनाव में



भाजपा की जीत होने के बाद सरकार ने अपने वादों को भुला दिया है। बाबूलाल कोटवार ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने समस्त कोटवारों के वेतन में 500 रुपये प्रति वर्ष वृद्धि करने, कोटवारों को 62 वर्ष की उम्र के बाद एक लाख रुपये देने, स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने, यूजीसी सिम प्रदान कर उसके बैलेंस का भुगतान सरकार द्वारा किए जाने, कोटवारों को लाड़ली बहना योजना का लाभ दिए जाने और कोटवार की 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उसके परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय किए जाने की घोषणा की थी, जिनमें से किसी भी घोषणा पर आज तक अमल नहीं किया गया है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 131 आवेदनों पर हुई सुनवाई

### कलेक्टर के निर्देश पर निशुल्क आवेदन लिखवाने की व्यवस्था

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में आमजनों के लिए जनसुनवाई के शिकायती आवेदनों को लिखवाने की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई में लोगों से प्राप्त आवेदनों की अधिकारियों द्वारा सुनवाई की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 131 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।




## प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन नौगांव के सदस्यों ने मान्यता प्राप्त स्कूलों की जानकारी उपलब्ध कराने दिया ज्ञापन



**नौगांव।** शिक्षण सत्र 2024_25 के लिये स्कूलों में तैयारियां पूरी हो गयी इसी बीच विकासखंड के अंतर्गत अनेकों गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालक सक्रिय हो गये ओर अभिभावकों को शिक्षा से संबंधी तरह तरह के प्रलोभन की जानकारी घर घर जाकर देने लगे। इसी बीच मध्य प्रदेश प्राईवेट स्कूल एसोसियेशन के सदस्यों के द्वारा विकासखंड समन्वयक के नाम बीआरसीसी ऑफिस में एक ज्ञापन दिया। जिसमें मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची उन्हे उपलब्ध करायी जाये और इसकी जानकारी अभिभावकों को भी हो।नौगांव ब्लॉक में संचालित मान्यता प्राप्त पूर्व प्राथमिक माध्यमिक स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने के लिये मध्य प्रदेश प्राईवेट स्कूल एसोसियेएशन नौगांव के सदस्यों के द्वारा हरपालपुर गढ़ीमलहरा , महाराजपुर एवं नौगांव के प्रत्येक वार्ड में अनेकों माध्यमिक स्कूल संचालित किये जा रहे है और उन्होने जानकारी मांगी की। स्कूल मान्यता प्राप्त है या नहीं यह अभिभावकों को प्रवेश के समय स्पष्ट जानकारी होना चाहिए। वर्तमान सत्र के लिये नौगांव ब्लॉक के मान्यता प्राप्त स्कूलों की संकुलबार सूची आमजन को प्रचार प्रसार कर या प्रेस विज्ञिप्त जारी कर अभिभावकों को जानकारी दी जाये। जिससे वह भ्रमित होने से बचे। उन्होने स्पष्ट लिखा की ऐसे स्कूल जो पूर्व प्राथमिक शालाओं सीसीई प्ले स्कूल जो शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त नही है। उनके संबंध में मध्य प्रदेश राज्य पत्र असाधाराण दिनांक 16 अप्रैल 2022 को शाला पूर्व शिक्षा नीति 2022 मध्य प्रदेश के अंतर्गत नियमानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। 6 जनवरी 2023 को संसोधन हुआ और निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2011 के अंतर्गत धारा 12 की उपधारा एक के खंड ख के अंतर्गत मान्यता प्राप्त करना आवश्यक है बिना मान्यता के ऐसे स्कूलों को संचालित करना अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होने मांग की ऐसी स्थिति में अभिभावको को यह जानकारी होनी चाहिए कि वह दाखिला के समय मान्यता प्राप्त स्कूल या नहीं है।

### शिक्षकों के डिग्रियों में गड़बड़ी -

दाखिला के समय स्कूलों के द्वारा जो संबंधित शिक्षा विभाग में मान्यता से संबंधित जो दस्तावेज उपलब्ध कराये जाते है उसमें झोल होता है क्योकि नियमानुसार शिक्षकों को पढ़ाने के लिये जो पात्रता होनी चाहिए अगर उस पात्रता के शिक्षक पढ़ाते है तो उनकी वेतन ज्यादा होती है इसलिये दस्तावेज किसी के होते है ओर पढ़ाता कोई ओर। इसकी भी स्कूल बार जांच होनी चाहिए।

## वृद्ध की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस नहीं कर जांच, परिजनों ने लगाए आरोप



**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम दउअन पुरवा में गत 27 मई को एक वृद्ध की लाश मिली थी, जिसके बाद मृतक के पुत्र ने हत्या का संभावना जाहिर की थी और मामले की जांच कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया था। पुत्र का आरोप है कि लगभग 20 दिन का समय बीत चुका है लेकिन पुलिस द्वारा मामले की जांच नहीं की जा रही है। मंगलवार को उसने पुनः एसपी ऑफिस में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम सलैया निवासी बबलू रैकवार ने बताया कि उसके पिता दिविया रैकवार का शव 27 मई की शाम को ग्राम दउअन पुरवा में पड़ा मिला था। सूचना मिलने के बाद वह पिता को जिला अस्पताल लाया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बबलू ने बताया कि उसके पिता दिविया रैकवार उम्र 64 वर्ष 27 मई की सुबह अपने भाई सिब्बू रैकवार से चल रहे जमीनी विवाद की शिकायत करने के लिए ईशानगर थाना जाने की बात कहकर घर से निकले थे, इसके बाद उसी दिन शाम को ग्राम दउअन पुरवा में उनकी लाश मिली है। बबलू ने बताया कि उसके पिता दिविया रैकवार और चाचा सिब्बू रैकवार के बीच जमीनी चल रहा था। उसे संदेह है कि इसी विवाद के चलते चाचा सिब्बू रैकवार ने अमर सिंह यादव, वृंदावन यादव और अतर सिंह यादव के साथ मिलकर उनकी हत्या की है। एसपी कार्यालय में आवेदन देकर बबलू ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## बेटे ने शादी से दो दिन पहले कर ली आत्महत्या



**छतरपुर।** जिले के नौगांव थानांतर्गत आने वाली लुगासी चौकी क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा में गत 19 अप्रैल को एक युवक ने अपनी शादी से दो दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। चूंकि पिता को यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था इसलिए उसने पुलिस से आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की मांग की थी, जो कि पुलिस अब तक पता नहीं लगा सकी है। मंगलवार को मृतक के पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर जांच कराने की मांग की है। चौखड़ा निवासी तुल्ली अहिरवार ने बताया कि उसके 23 वर्षीय पुत्र संदीप का विवाह 23 अप्रैल को ग्राम लहेरा पुरवा में होना था। विवाह से दो दिन पहले 19 अप्रैल को उसका शव खेत पर महुआ के पेड़ पर लटका मिला था। तुल्ली को यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था, जिसके चलते उसने लुगासी चौकी पुलिस से मामले की बारीकी से जांच करने की मांग की थी लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस के पास कोई जवाब नहीं है। तुल्ली ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर जांच कराने की मांग की है।

श्री भक्तमाल कथा में उमड़ रहा कथाप्रेमियों का सैलाब

## गोविंद के चरणों की कृपा में बाधक हैं वैभव, यश, सुखः किशोरदास महाराज

**छतरपुर।** शहर की संस्कार वाटिका में भक्ति चरित्र के अंतर्गत श्रीमद् भक्तमाल कथा श्रवण करने का अवसर धर्मप्रेमियों को मिल रहा है। कथाव्यास के रूप में वृंदावन धाम से पधारे श्री गोरीलाल कुंज के महंत पूज्य किशोरदास महाराज ने भक्तमाल का महात्म्य सुनाया। उन्होंने कहा कि यश, वैभव, सुख जिसके पास है उसका मन गोविंद के चरणों में कैसे लग सकता है। सिर्फ विपत्ति ही ईश्वर के निकट ले जाती है जिसके जीवन में साधना नहीं है, भजन नहीं है वह सांसारिक विपत्तियों से घिरा है। श्री भक्तमाल कथा में बड़ी संख्या में कथाप्रेमी पहुंच रहे हैं। विशाल कलश यात्रा के साथ रविवार से शुरू हुई भक्तमाल कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथाव्यास महाराजश्री ने कहा कि एक पल भी श्यामाजू के चरणों से मन को अलग नहीं करना चाहिए। जीव जब संसार में आता है तो वह भगवान से यह वादा करता है कि वह उनका नाम स्मरण करेगा लेकिन जन्म लेने के बाद जीव माया में घिर जाता है जिससे वह ईश्वर को दिए गए वचन को भूल जाता है। महाराजश्री ने कहा कि जिसके जीवन में ईश्वर के प्रति भाव नहीं है उसका कल्याण कैसे होगा। संसार के भावों में उलझे व्यक्ति को यदि कल्याण चाहिए तथा अपना जीवन सफल बनाने की कामना है तो उसे भगवान की शरण में जाना पड़ेगा। श्यामा श्यामजी की कृपा से जीवन सफल हो जाता है। कथाव्यास जी ने कहा कि भक्ति के बल पर भक्त भगवान को अपने हृदय की कोठरी में बैठाने में सफल हो जाता है। एक प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि सबके पापों का नाश करने के लिए गंगा जी को पृथ्वी पर अवतरित किया गया लेकिन जब गंगा जी ने कहा कि उसके पाप कैसे नष्ट होंगे तो भगवान ने कहा कि रसिक अनुरागी संतों के स्पर्श से गंगा फिर से पवित्र हो जाएगी।



## किशनगढ़ पुलिस ने चोरी का किया खुलासा

**छतरपुर।** किशनगढ़ में 17 जून को फरियादी पप्पू अहिरवार निवासी राईपुरा द्वारा उसके सूने घर का रात में ताला तोड़कर चोरी करने संबंधी रिपोर्ट पर थाना में अपराध धारा 457,380 ताहि. के अंतर्गत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी किशनगढ़ उनि राजकुमार तिवारी द्वारा अपनी पुलिस टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, घटना का भौतिक निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किये। एकत्रित साक्ष्य एवं क्षेत्र में मूवमेंट की जानकारी के अनुसार 24 घंटे के अंदर संदेही मुकेश सौंर निवासी राईपुरा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया। अभियुक्त के पास से चोरी गये सामान हड़ा, कुपरा ,पंखा व गुंडी कीमत करीबन 9300 रूपये बरामद किया गया एवं आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि राजकुमार तिवारी, कासउनि गंगाराम प्रजापति, राघव पांडेय, सुरेश सेन, आर दयाराम कुर्मी, धर्मेन्द्र पटेल, श्यामसुन्दर पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## 14 ऑटो वाहनों एवं ट्रैक्टर पर की गई चालानी कार्यवाही

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने सभी थाना प्रभारी को सड़क दुर्घटनाओं में कमी हेतु दुर्घटना को अंजाम देने वाले प्रतिबंधित सवारी वाले भार वाहक एवं ट्रैक्टर के साथ-साथ अतिरिक्त सवारी वाले ऑटो, रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।इसी क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही जारी है। थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत के नेतृत्व में थाना यातायात पुलिस द्वारा स्टंट बाज, नशा कर वाहन चलाने वालों, खतरे के संकेत को प्रदर्शित न कर सरिया, अल्युमिनियम जैसी निर्माण सामग्री व अन्य दुर्घटना संबंधित सामान ढोने वाले लोडर वाहनों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही प्रतिबंधित सवारी वाले लोडर एवं ट्रैक्टर ट्रॉली तथा अतिरिक्त सवारी वाले ऑटो, रिक्शा वाहनों पर भी कार्यवाही की जा रही है। जिले के प्रत्येक पृथक मार्गो में निर्धारित सवारी से अधिक सवारी ढोकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले 14 ऑटो चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 5600 रुपये समन शुल्क वसूला गया। इसके साथ यातायात पुलिस द्वारा व्यवसायिक वाहन जैसे ट्रक, बस एवं लोडर वाहन तथा निजी वाहन चालकों को ब्रेथ एनालायजर के माध्यम से चेक किया जा रहा है।



स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ

## तिलक लगाकर स्कूलों में बच्चों का हुआ स्वागत

**छतरपुर।** प्रदेश भर में स्कूल चले हम अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम से किया गया। अभियान के माध्यम से हर एक बच्चे की स्कूलों में उपस्थित सुनिश्चित कराकर शिक्षा से जोडना है। छतरपुर जिले में कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले की शालाओं में प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के समस्त प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को 20 जून को एक-एक शाला में जाकर बच्चों को एक पीरियड पढ़ाने के लिए आदेशित किया गया है।18 जून को ग्रामीण क्षेत्रों के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया गया। साथ ही अन्य बच्चों का तिलक लगाकर शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान विशेष भोजन का भी वितरण किया गया। प्रवेशोत्सव के दौरान स्कूलों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया एवं



सुनाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। छतरपुर शहर में स्थित शासकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय में उत्साह के साथ बच्चों को शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### अभिभावकों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा -

19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शालेय गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें कक्षावार विषयखंड, शैक्षणिक कैलेण्डर, अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया, अभिभावक शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि बारे बताया जाएगा। साथ ही राज्य शासन की ओर से अभिभावकों को संबोधित पत्र का वितरण किया जाएगा। कक्षावार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की अभिभावकों को जानकारी दी जाएगी और बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। 20 जून को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### योग दिवस में भाग लेने हेतु लोगों से योग की क्रियाएं कराई जा रही हैं

**रीवा**। आगामी 21 जून को दसवां योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष विभाग के संयोजकत्व में आयोजित होने वाले योग दिवस में भाग लेने के लिए लोगों को योग की क्रियाएं कराई जा रही हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ शारदा मिश्रा ने बताया कि योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर लोगों को योगासन करने तथा मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अगडाल, आलमगंज, तमरादेश, मनिकवार, खरहरी, दुआरी आदि स्थलों में योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रति दिवस योग क्रियाएं कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी



**रीवा**। निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 18.06.2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 43 कृष्णा नगर में वार्ड पार्षद की दुकान के सामने का बड़ा नाला साफ कराया गया। वार्ड 16 में एसके टॉवर के पीछे यूके पैलेस के पास का बड़ा नाला साफ कराया गया। पचमठा में साफ सफाई एवं वार्ड 26 ललपा एरिया में नाला की सफाई कराई गई। नया बस स्टैण्ड फ्लाई ओवर के ऊपर की सफाई के साथ ही समान नाका से जेएनसिटी तक एवं कालेज चौराहा से जय स्तंभ तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। कचरे का उठाव का कार्य टैक्टर एवं टैम्पो द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी एवं श्री मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया गया।

### आपदा प्रबंधन की संभागीय समीक्षा बैठक आज

**रीवा**। बाणसागर बाढ़, अतिवृष्टि तथा प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड 19 जून को समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र में दोपहर 12.30 बजे से आरंभ होगी। बैठक से संबंधित रीवा संभागीय मुख्यालय के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। संभाग के अन्य जिलों के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से बैठक में शामिल होंगे।

### जिले में अब तक 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा**। जिले में एक जून से अब तक कुल 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 12.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 3.5 मिलीमीटर, सिरमौर में 2 मिलीमीटर, सेमरिया में 5 मिलीमीटर तथा मनगवां में 12 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 18 जून को हुजूर तहसील में 8.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 3 मिलीमीटर तथा मनगवां में 5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

### विश्व योग दिवस पर लगेगी दो दिवसीय प्रदर्शनी

**रीवा**। जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। केन्द्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के तहत संचालित क्षेत्र प्रचार कार्यालय रीवा द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 20 एवं 21 जून को विश्वविद्यालय के योग चेतना केन्द्र में लगाई जा रही है। प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों के माध्यम से विभिन्न योगाभ्यासों, प्राणायाम तथा अन्य योग क्रियाओं की जानकारी दी जाएगी।

### टीकाकरण भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने का मूल मंत्र

**रीवा**। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में 25 जून से 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान 9 माह से 5 साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी।

## मन लगाकर व अपना लक्ष्य लेकर पढ़ें

# सफलता जरूर मिलती है - कलेक्टर







**प्रवेशोत्सव दिवस पर नव प्रवेशी छात्राओं का कलेक्टर ने रोली-चंदन लगाकर किया स्वागत**

**स्कूल चले हम अभियान के प्रथम दिन विद्यार्थियों का हुआ स्वागत**

शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल चले हम अभियान जिले के सभी स्कूलों में 18 जून से 20 जून तक प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस पर स्थानीय कन्या एस के स्कूल में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नव प्रवेशी छात्राओं का रोली-चंदन लगाकर प्रवेश दिलाया।

रीवा

इस दौरान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विद्यालय में स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में छात्राओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मन लगाकर और लक्ष्य नियत कर पढ़ाई करने से सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि हर प्रश्न का जवाब किताब में ही है। अतः पाठ्यक्रम के अनुसार किताबों का गहन अध्ययन करना ही सफलता की कुंजी है। कलेक्टर ने छात्राओं से कहा कि प्रवीण्य सूची में या उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्रों से प्रेरणा लें क्योंकि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। शिक्षित व्यक्ति हर क्षेत्र में सफल रहता है। अच्छी तरह पढ़ाई कर उच्च स्थान प्राप्त करें तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वह पूरे लगन व निष्ठा से शिक्षा दें क्योंकि उनके विद्यालय में ऐसे भी विद्यार्थी होते हैं जिनके अभिभावक ज्यादा शिक्षित नहीं होते इसलिए उनकी जवाबदारी और भी बढ़ जाती है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने विभिन्न संकायों की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रवेश उत्सव पर नव प्रवेशी छात्रों को किताबें वितरित की। स्थानीय सुदर्शन कुमारी स्कूल में आयोजित प्रवेश उत्सव में भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के प्रसारण को भी विद्यार्थियों ने देखा व सुना। इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस पर शाला जाने योग्य एवं शाला त्यागी बच्चों का प्रवेश दिलाया जा रहा है। इस दिवस पर माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय में विशेष मध्यान्ह भोजन का वितरण किया जा रहा है साथ ही अभिभावकों का भी विद्यालय में स्वागत हो रहा है। इसी प्रकार 19 जून को शिक्षक एवं अभिभावक सम्मेलन आयोजित होगा तथा 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत जिले के विद्यालयों में जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी व अन्य विशिष्टजन चुनी हुई शालाओं में जाकर बच्चों को प्रेरक उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नें विद्यालय परिसर में स्थापित वीणा पाणि मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य मिथिलेश सिंह गहरवार ने किया तथा संचालन विवेक नामदेव द्वारा किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्री अख्तर अली, प्राचार्य सीएम राइज पीके स्कूल वरुणेंद्र प्रताप सिंह, सहायक संचालक राजेश मिश्रा सहित विद्यालय की छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

### जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री के उद्बोधन का हुआ सजीव प्रसारण

**मऊगंज**। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले भर में परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जीर्णोद्धार के कार्य किये गये। गांव-गांव जल कलश यात्राएं निकाल कर आमजनता को जल संरक्षण और संवर्धन के अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया। गंगा दशहरा को समापन अवसर पर जिले के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाले मांडौ ग्राम पंचायत स्थित गौशाला भवन परिसर में कलेक्टर मऊगंज के मुख्य आतिथ्य में समारोह पूर्वक समापन हुआ। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ग्राम पंचायत स्थित सिगदहा नाला मैं स्टॉप डैम निर्माण का कलेक्टर द्वारा भूमि पूजन किया गया। उपरांत ग्राम पंचायत बहुती में कलेक्टर श्री श्रीवास्तव एवं अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात माधव ग्राम पंचायत स्थित गौशाला परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जहां कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान मानव ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों का गजमाला से अभिनंदन किया गया।

## अभियान में पाँच साल तक के हर बच्चे को पोलियो की दवा पिलाएं - कलेक्टर

# जिले में पल्स पोलियो अभियान में 390140 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

रीवा

जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 23 जून से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पांच साल तक के 390140 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। अभियान का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम जिला चिकित्सालय रीवा में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल प्रदेशव्यापी अभियान का समारोहपूर्वक शुभारंभ करेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि हमारे जिले और देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन देश के दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में पिछले साल तक पोलियो के केस मिले हैं। इससे हमारे देश के बच्चों को भी पोलियो का खतरा बना हुआ है। बच्चों की सुरक्षा के लिए 23 जून को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसमें पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस महाअभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत मण्डल तथा अन्य विभाग सौंपी गई जिम्मेदारी निभाकर पूरा सहयोग करें। अभियान के दौरान पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अनिवार्य रूप से पिलाएं। अभियान में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।



कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अभियान की मॉनीटरिंग के लिए जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर निगरानी दल तैनात करें। प्रथम दिवस पोलियो बूथ में अधिकतम बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का प्रयास करें। किसी कारणवश बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को घर-घर जाकर 24 तथा 25 जून को पोलियो की दवा पिलाएं। पोलियो की दवा पिलाने के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं जिससे हर अभिभावक तक पल्स पोलियो पिलाने का संदेश पहुंच जाए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सभी आँगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभियान की जानकारी दें। गत वर्ष के अभियानों के अनुभव के आधार पर जवा, नईगढ़ी, गंगेव तथा गोविंदगढ़ में अभियान पर विशेष ध्यान दें। पोलियो की दवा पिलाने के दूसरे दिन यदि बच्चा अनुपस्थित मिलता है तो उसकी सूची तैयार करें। एक सप्ताह के अंदर उसे दवा पिलाकर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं। पल्स पोलियो अभियान और टीकाकरण में लापरवाही बरतने वाले आशा कार्यकर्ताओं की सेवाएं समाप्त करें। सभी बीएमओ को अभियान के संबंध में सचेत कर दें।

टास्कफोर्स की बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले भर में 2490 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। पोलियो बूथ आंगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन तथा स्कूलों में बनाए गए हैं। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 48 ट्रांजिट टीमें तथा 23 मोबाइल दल भी तैनात किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बड़े हॉट बाजारों, बड़े निर्माण स्थलों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। बैठक में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ पवन तिवारी ने अभियान के उद्देश्यों तथा मॉनीटरिंग की व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीके अग्निहोत्री, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 को सिरमौर में करेगी सुनवाई

### सभी अधिकारी शिविर की तैयारी समय पर पूरी कर लें – कलेक्टर


रीवा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच रीवा जिले के भ्रमण पर आ रही है। इसके द्वारा 25 जून को सिरमौर में आयोजित वृहद शिविर में बच्चों के कल्याण की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी तथा बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग तथा आदिमजाति कल्याण विभाग शिविर से लाभान्वित किए जाने वाले बच्चों की सूची तैयार कर लें। सभी अधिकारी शिविर की तैयारी समय पर पूरी कर लें।




महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा सर्वे करके प्रत्येक गांव से बच्चे शिविर में लाए जाएंगे। इनसे जुड़ी समस्याओं और कठिनाईयों को दूर करने का प्रयास करें। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खोलने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शिविर में स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुसार आकांक्षी विकासखण्ड सिरमौर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जवा और सिरमौर दोनों विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सकों का दल तैनात कर बच्चों के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था कराएं। बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था करें। शिविर में बाल श्रम से पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, एसिड अटैक से पीड़ित, निराश्रित बच्चों, अति गरीब परिवार के बच्चों, दिव्यांग बच्चों, कोविड तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के कल्याण के लिए शिविर में व्यवस्थाएं की जाएंगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, प्रभारी अधिकारी ट्राईबल पीके पाण्डेय, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, संबंधित अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## हर्षोल्लास से मनाया गया ईदुल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार

**मऊगंज**। जिले में भी ईदुल अजहा के अवसर पर नईगढी सहित पूरे अंचल में मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने बड़ी अकीदत के साथ त्याग एवं बलिदान के इस पर्व पर एक साथ नमाज अदा की। एवं एक दूसरे से गले मिलकर देश ,समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी। ईदुल-अजहा के त्यौहार को लेकर स्थानीय ईदगाह में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सामूहिक रुप से नमाज अदा की । एवं ईदगाह के बाहर खड़े सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी नमाज पूर्ण होने के बाद सभी आपसी भाईचारे के साथ गले मिलकर एक दूसरे को त्योहार की बधाइयां दी ।हाफिज मोहम्मद फैज की अगुवाई में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की।वही प्रसाशनिक अधिकारी नायब तहसीलदार दीपक तिवारी के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी सनत कुमार द्विवेदी एवं यस आई यू एन तिवारी अपने हमराह सिपाहियों के साथ पहुंचकर के शांति व्यवस्था बनाने में पूरा सहयोग किया।

### बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान प्रारंभ

**रीवा**। प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये प्रत्येक माह के 10 कार्य दिवस में बच्चों के शारीरिक माप दिवसों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पोषण ट्रेकर एप में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों का वजन एवं लंबाई/ऊँचाई की सटीकता के साथ माप लिया जाकर एप में प्रविष्टि की जाती है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का निर्धारण किया जाता है। जून माह में 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान के रूप में 18 से 28 जून तक आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महिला, बाल विकास मंत्रालय द्वारा माह जून 2024 के लिये पोषण ट्रेकर एप में पूर्व में बच्चों के वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में हुई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में उनके वास्तविक माप अनुसार सुधार के लिये विकल्प उपलब्ध कराया गया है। आयुक्त, महिला-बाल विकास ने निर्देश दिये हैं कि शारीरिक माप अभियान के दौरान प्रत्येक पर्यवेक्षक द्वारा अपने क्षेत्र में उन कमजोर प्रदर्शन वाले केन्द्रों में एक-एक दिवस उपस्थित होकर समक्ष में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से पूर्व माह में चिन्हित सभी कम वजन/ठिगनापन तथा बच्चों की सटीकता के साथ वजन तथा लंबाई/ऊँचाई लेकर पोषण ट्रेकर में सही जानकारी की प्रविष्टि सुनिश्चित कराएंगे। प्रत्येक पर्यवेक्षक 10 से 15 केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से उन केन्द्रों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिन केन्द्रों में परियोजना अंतर्गत सर्वाधिक कुपोषित बच्चों की संख्या है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान दौरान युवाओं ने श्रमदान कर पत्थर तोड़ निकाला पानी

### युवाओं के जज्बे को सलाम-कलेक्टर

मऊगंज।

जिले के नईगढ़ी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत माड़ौ मे दर्जन भर युवाओं ने श्रमदान कर सूखी हुई बावली का पत्थर तोड़ कर पानी निकालने में सफलता हासिल की है। जल गंगा संवर्धन अभियान को जन भागीदारी से जमीनी रूप देने के लिए कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा की गई हौसला अफजाई से चंद्रमणि नापित, राकेश कोल, अरुण मिश्रा, दयाशंकर जायसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, सिंटू जायसवाल, रावेंद्र जायसवाल, ओम प्रकाश शुक्ला, राम आशीष यादव, भास्कर जायसवाल, केशव सिंह शिव मोहित जायसवाल, प्रमेन्द्र जायसवाल, अजीत जायसवाल राजलाल जायसवाल, प्रवीण साकेत, सज्जन कुशवाहा, मनीष यादव, चंद्रमणि जायसवाल जैसे युवा एकजुट हुए और 20 वर्ष पुरानी सूखी पड़ी बावली की पहले सफाई किए। उपरांत बावली के तलहटी में पत्थर मिलने से सभी युवा पत्थर की तुड़ाई में जुट गए। करीब एक पखवाड़े तक चली युवाओं की कड़ी मेहनत का परिणाम रहा की बिना कंप्रेसर मशीन प्रयोग किए बाजुओं के दम पर हथौड़े से पत्थर तोड़कर पानी निकालने में सफल रहे। युवाओं द्वारा किए गए अद्भुत काम यानी पत्थर तोड़ पानी निकालने की जानकारी होते कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव रविवार की शाम बावली देखने पहुंचे और युवाओं से मिले और उनका उत्साह वर्धन करते हुए बधाइयां दिए। बता दें कि युवाओं की टीम में प्रवीण साकेत जिला क्षेत्र में ही पटवारी पद पर कार्यरत हैं वहीं चंद्रमणि नापित रोजगार सहायक हैं। *इन्होने ने कहा*आज मैं ग्राम पंचायत माडौ आया था यहां के युवाओं ने अद्भुत काम किया है पत्थर को तोड़कर पानी निकाला है युवाओं ने मुझे बताया कि यह बावड़ी बहुत पुरानी है और यहां पहले कंधे में रखकर पानी पीने के लिए ले जाते थे।अब यह सूख गई थी,यहां युवाओं के परिश्रम से पत्थर से पानी निकालना यह अनुकरणीर्य काम है। जहां चाह वही राहहै ,यह पत्थर से पानी निकाल सकते हैं तो यह जीवन्त उदाहरण है।

